


# प्रेसनोट जनपद बागपत

## थाना बडौत

दिनांक 10.09.2026

**थाना कोतवाली बड़ौत पुलिस ने थाने के मु0अ0सं0 642/26 धारा 103(1),3(5) बीएनएस में वांछित 01 अभियुक्त व 1 अभियुक्ता को किया गिरफ्तार।**

**संक्षिप्त विवरण:-**



दिनांक 09.09.2026 को थाना बडौत पर वादी सतेन्द्र पुत्र मगन सिंह निवासी ग्राम शिकोहपुर थाना बडौत जनपद बागपत जाति जाट ने लिखित तहरीर दी कि अभियुक्तगण राहुल पुत्र इन्द्रपाल व उसकी पत्नी निवासी नई बस्ती कस्बा व थाना बडौत जनपद बागपत से वादी के भाई द्वारा उधार दिए अपने 02 लाख रूपये मांगने पर अभियुक्तों उपरोक्त व कुछ अन्य

अज्ञात द्वारा गुस्से में आकर वादी के भाई दीपेन्द्र पुत्र मगन सिंह निवासी शिकोहपुर थाना बडौत जनपद बागपत की हथौडा व अन्य धारधार हथियार से हत्या कर दी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बडौत पर मु0अ0सं0 642/2026 धारा 103(1),3(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

**कार्यवाही-**

बागपत पुलिस द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना कोतवाली बडौत पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 642/26 धारा 103(1),3(5) बीएनएस में वांछित 01 अभियुक्त व 01 अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया है , जिसके सम्बन्ध में थाना बडौत पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः-**

1-राहुल पुत्र इन्द्रपाल निवासी बावली रोड नई बस्ती कस्बा व थाना बडौत जनपद बागपत, उम्र करीब 35 वर्ष

2-01 महिला अभियुक्ता

**पूछताछ का विवरण-** पूछताछ के दौरान अभियुक्त व अभियुक्ता द्वारा घटनास्थल से बरामद एक हथौड़ा एवं एक चाकू की पहचान करते हुए बताया गया कि उक्त हथियारों का प्रयोग उनके द्वारा दीपेन्द्र पुत्र मगन सिंह निवासी ग्राम शिकोहपुर, थाना बड़ौत, जनपद बागपत की हत्या करने में किया गया था।

**नोटः-** उपरोक्त अभियोग में विवेचनात्मक कार्यवाही एवं उपलब्ध साक्ष्य आदि के आधार पर धारा 4/25 आयुध अधिनियम की बढौत्तरी की गई है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1-उ0नि0 मौ0 आसिफ अली थाना बडौत जनपद बागपत।

2-म0उ0नि0 रीतू काजल थाना बड़ौत जनपद बागपत।

3-है0का0 876 संजय कुमार थाना बड़ौत जनपद बागपत।

4-है0का0 22 अमित नागर थाना बड़ौत जनपद बागपत।

5-म0का0 659 करूणा चाहल थाना बड़ौत जनपद बागपत।

## प्रेसनोट जनपद बागपत

थाना बडौत                    दिनांक 10.09.2026

**थाना कोतवाली बड़ौत पुलिस ने थाने के मु0अ0सं0 638/26 धारा 333,109(1) बीएनएस में वांछित 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार , जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस .315 बोर बरामद ।**



**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 08.09.2026 को थाना बड़ौत पर वादी सोनू कुमार पुत्र सुरेश निवासी ग्राम लुहारी थाना बड़ौत जनपद बागपत ने लिखित तहरीर दी कि अभियुक्तों 1. रिहान पुत्र नौशाद, 2. अंशुल व 3. प्रशांत निवासीगण ग्राम लुहारी थाना बड़ौत जनपद बागपत द्वारा वादी के घर में घुसकर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गई । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बडौत पर मु0अ0सं0 638/26 धारा 333,109(1) बी.एन.एस पंजीकृत किया गया ।

**कार्यवाहीः-**

बागपत पुलिस द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना कोतवाली बडौत पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0स0 638/26 धारा 333,109(1) बीएनएस में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है , जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया है ।

उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बंध में थाना बडौत पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः-**

1-रिहान पुत्र नौशाद निवासी ग्राम लुहारी थाना बडौत जनपद बागपत ।

**बरामदगी का विवरणः-**

- 01 अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 जिन्दा व 01 खोखा करातूस .315 बोर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1-उ0नि0 मौ0 आरिफ अली थाना बडौत जनपद बागपत ।

2-है0का0 663 रुस्तम थाना बड़ौत जनपद बागपत ।

3-है0का0 738 अरुण थाना बड़ौत जनपद बागपत ।

4-है0का0 139 नीरज थाना बड़ौत जनपद बागपत ।

5-का0 433 गौरव थाना बड़ौत जनपद बागपत ।

प्रेस नोट जनपद बागपत

थाना खेकड़ा दिनाँक 10.09.2026

**ऑपरेशन स्माईल अभियान के अन्तर्गत थाना खेकड़ा पुलिस द्वारा गुमशुदा युवक को सकुशल बरामद कर उसके परिवारीजन को सुपुर्द किया गया।**

**कार्यवाहीः-**




श्रीमान पुलिस अधीक्षक बागपत के निर्देशन में बागपत पुलिस द्वारा जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान के अंतर्गत थाना खेकड़ा पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए गुमशुदा युवक उम्र करीब 22 वर्ष को मात्र 02 घंटे के अथक प्रयास के उपरांत जनपद गाजियाबाद से सकुशल तलाश कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। युवक के सकुशल मिलने पर परिजनों द्वारा थाना खेकड़ा पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

**बरामद करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0 नि0 श्री मयंक प्रताप सिंह थाना खेकडा जनपद बागपत।

2. का0 724 कुशलपाल थाना खेकड़ा जनपद बागपत।